प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 02.07.2024 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार...

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त न करने की नीति को लोकसभा चुनावों में मिला लोगों का समर्थन ।
- आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक- प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 9 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा, प्रति व्यक्ति आय भी चार गुना बढ़ी।
- शहडोल जिले की गुल्लक बना रही है घरेलू महिलाओं को आत्मनिर्भर।
- दक्षिण पश्चिम मॉनसून देश के सभी हिस्सों में पहुंचा, प्रदेश में कल से होगी भरपूर बारिश।

लोकसभा-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोकसभा में कहा कि उनकी सरकार पूरी तरह से भारत प्रथम के आदर्श वाक्य से निर्देशित है और भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त न करने की नीति को हाल के लोकसभा चुनावों में लोगों का समर्थन मिला है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने सभी के लिए न्याय और किसी का तुष्टिकरण न करने की नीति अपनाई है। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए कहा कि वे विपक्ष का दर्द समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि दुष्प्रचार के बावजूद विपक्ष को लोकसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। श्री मोदी ने आम चुनाव में परिपक्व सोच और समझदारी दिखाने के लिए देश की जनता की सराहना की।

आर्थिक सर्वेक्षण

प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 9 दशमलव 3-7 प्रतिशत बढ़ा है और प्रति व्यक्ति आय चार गुना बढ़ गयी है. मौजूदा कीमतों पर, प्रति व्यक्ति शुद्ध आय वर्ष 2011-12 में 38 हजार 497 रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 1 लाख 42 हजार 565 रुपये हो गयी है। उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने आज आर्थिक सर्वेक्षण पेश करते हुए बताया कि 3 करोड़ 56 लाख डिजिटल आयुष्मान कार्ड जारी करने वाला देश का पहला राज्य है. सौर उर्जा उत्पादन में भी प्रदेश देश में चौथे स्थान पर है. वित्तीय वर्ष 2023-24 में, प्रदेश में प्रमुख फसलों के उत्पादन में भी वृद्धि दर्ज की गयी है। दलहन के उत्पादन में 42 दशमलव 6-2 फीसदी और तिलहन में 7 दशमलव 3-2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी।

विधानसभा चर्चा

राज्य विधान सभा में लगातार दूसरे दिन भी नर्सिंग घोटाले पर हंगामा हुआ। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा मध्यप्रदेश के नर्सिंग कालेजों को नियम विरूद्ध मान्यता दिये जाने के मुद्दे पर आज सदन में चर्चा कराई गई। विपक्ष की ओर से मांग की गई बड़े पैमाने पर हुए इस भ्रष्टाचार में लिप्त जाने वाले लोगों के साथ ही तत्कालीन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री के खिलाफ भी कार्यवाही की जाये। उन्होंने उच्च न्यायालय के वर्तमान किसी न्यायाधीश की अध्यक्षता में या सदन की समिति गठित कर पूरे मामले की जांच कराये जाने और परीक्षा से वंचित छात्रों को अन्य कालेजों से परीक्षा देने का अवसर प्रदान करने का सुझाव भी दिया।

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर दिए गए अपने जवाब में माना कि नर्सिंग कालेजों के मामले में गड़बड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में यह मामला विचाराधीन है, न्यायालय के निर्देश पर संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

ऑस्ट्रेलिया विद्यार्थी वीजा

ऑस्ट्रेलिया ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए विद्यार्थी वीजा का शुल्क दोगुना से अधिक सात सौ दस डॉलर से बढाकर सोलह सौ डॉलर कर दिया है। इस निर्णय से ऑस्ट्रेलिया जाने की योजना बना रहे लाखों भारतीय छात्रों पर प्रभाव पडेगा। इस फैसले से आक्रोशित छात्र प्रतिनिधियों का कहना है कि शुल्क वृद्धि से प्रतिभावान छात्रों को कठिनाई होगी। अस्थायी स्नातक, आगंतुक और समुद्री क्रू वीज़ा वाले लोग अब ऑस्ट्रेलिया में रहने के दौरान छात्र वीज़ा के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा कि अतिरिक्त राजस्व से शिक्षा क्षेत्र में वित्तपोषण पहल में मदद मिलेगी।

गुल्लक योजना-शहडोल

शहडोल जिले में महिलाओं का एक समूह गुल्लक योजना के माध्यम से घरेलू महिलाओं को उनका अपना स्वरोजगार शुरू करने में आर्थिक मदद कर रहा है। इस समूह में अब तक 86 महिलाएं जुड़ चुकी हैं और 26 महिलाएं हर महीने आर्थिक मदद कर रही हैं। ये महिलाएं हर महीने 2—2 हजार रुपए एकत्र करती हैं और किसी एक महिला को स्वरोजगार शुरू करने में मदद करती हैं। दैनिक उपयोग में आने वाली खाद्य सामग्री सहित, किराना, ब्यूटी पार्लर, बुटिक आदि से जुड़ा कारोबार शुरु कर महिलाएं आर्थिक रुप से मजबूत हो रही हैं। ये महिलाएं डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग कर आनलाइन कारोबार करने में भी मदद कर रही हैं। आनलाईन प्लेटफार्म पर अब तक 600 महिलाएं जुड़ चुकी हैं। गुल्लक योजना शुरू करने वाली महिलाओं ने अपने संगठन का नाम कर्मनिष्ठा फाउंडेशन

रखा है। फाउंडेशन की योजना है कि शहडोल सहित पूरे प्रदेश में गुल्लक का लाभ घरेलू महिलाओं को मिले।

नगर पालिका बजट

राजधानी भोपाल की महापौर मालती राय ने आज नगर निगम का 3 हजार 353 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इस बजट में प्रॉपर्टी, पानी और मनोरंजन पर कर न बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इस बजट में आय और व्यय बराबर रहने का अनुमान है।नगर निगम भोपाल के वित्तीय वर्ष की अनुमानित आय 3 हजार 353 करोड़ 16 हजार रुपए रहेगी। बजट में वार्ड नियोजन निधि के रूप में प्रति वार्ड 25 लाख रुपए के मान से 21 करोड़ 25 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही संपत्ति कर की 50 प्रतिशत की राशि भी वार्डों के विकास कार्यों पर खर्च होगी। वहीं, नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी का कहना है कि बजट में कुछ भी नया नहीं है। पिछले साल के बजट के बिंदुओं के नंबर बदले गए हैं। महापौर ने पिछले बजट और अंतरिम बजट का हिसाब नहीं दिया।

\हाथरस - भगदड

उत्तरप्रदेश के हाथरस जिले के एक गांव में आज एक धार्मिक सभा में भगदड़ होने से कई लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना पुलराई गांव में एक सत्संग में हुई। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रदालुओं के होने के कारण भगदड़ मची। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना के कारणों की जांच के निर्देश दिए हैं।

मौसम-देश

दक्षिण पश्चिम मॉनसून देश के सभी हिस्सों में पहुंच गया है। मॉनसून ने पूर्व निर्धारित समय से छह दिन पहले ही देश में दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि मॉनसून राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के बाकी हिस्सों में भी पहुंच गया है। गुजरात, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर

प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और मेघालय के अलग-अलग स्थानों पर बहुत तेज वर्षा हुई।

मौसम-प्रदेश

इधर, प्रदेश इन दिनों मानसून की बारिश से तरबतर है। मौसम विभाग ने प्रदेश में जुलाई महीने में सामान्य से 106 प्रतिशत बारिश होने का अनुमान जताया है। इस महीने प्रदेश में औसतन 5 इंच बारिश होती है, जो कुल बारिश की 40 प्रतिशत है। वहीं, कल से 15 जुलाई तक प्रदेश में अच्छी बारिश होने की संभावना भी है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत पूरे प्रदेश में आज मौसम बदला रहा ।

समाचार संक्षेप में ..

- पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल ने मानसून से पहले की विभिन्न तैयारियों के लिए मिशन मोड पर काम शुरू किया है, साथ ही

  मैकेनिकल, सिग्नलिंग, इलेक्ट्रिकल संपत्तियों और उपकरणों आदि का उचित रख-रखाव भी किया जा रहा है।
- अशोकनगर में कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से अपनी समस्याएं लेकर आने वाले आवेदकों की समस्याओं को सुना।
- सागर में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जुलाई के प्रथम मंगलवार यानी आज से सभी स्कूलों में आयरन की गोलियों का वितरण प्रारंभ हो गया हैं।
- खंडवा में आज एक दिवसीय सफाई अभियान के अंतर्गत बैकलाइन सफाई अभियान का आयोजन किया गया.
- शिवपुरी जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। जिले में एक पेड़ माँ अभियान वृक्षारोपण के तहत जिले में एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। और
- आगरमालवा स्थित प्रधानमंत्री उत्कृष्ट शासकीय महाविद्यालय को हाल ही में नेक पियर टीम द्वारा 7 क्राईटेरिया के अन्तर्गत किये गये मूल्यांकन में कॉलेज को बी डबल प्लस की रेंक मिली है।

---------------------